17.	Jitendra Kumar Jain (Borrower), Payal Jain (Co-Borrower), Poojan Mahila Pahar Bharatpur Nagar Bharatpur Rajasthan- 321204./ LHGJC00001564739.	F 2 Scheme Panchvati Colony Sanganer Na Jaipur Rajasthan 303902. Bounded By- North: Plot No. 129-B, South: Plot No-129, East: Road 30 Feet, West: Plot No-54 .	17-07-2025 Rs. 14,61,428/-	09/07/ 2025
18.	Jitendra Kumar Jain (Borrower), Payal Jain (Co-Borrower), Poojan Mahila Pahar Bharatpur Nagar Bharatpur Rajasthan- 321204./ LHGJC00001564740.	F 2 Scheme Panchvati Colony Sanganer Na Jaipur Rajasthan 303902./ Bounded By- North: Plot No. 129-B, South: Plot No-129, East: Road 30 Feet, West: Plot No-54 .	17-07-2025 Rs. 69,549/-	09/07/ 2025
19.	Hanumana Ram (Borrower), Sanjay Kumar (Co-Borrower), F No. G 2 Yasoda Apartment Plot No 62 63 Everast Vihar Kings Road Nirma Nagar Jaipur Rajasthan- 302029./ LHJAI00001564208.	Leashold Rajshree Neel Residence Plot In Khasra No. 1278/332 Village Khatwara Teh Sanganer Na Jaipur Rajasthan- 303902. Bounded By- North: Road 40 Ft Wide, South: Other Agri Land , East: Road 30 Ft Wide, West: Other Agri Land.	17-07-2025 Rs. 9,93,043/-	09/07/ 2025
20.	Hanumana Ram (Borrower), Sanjay Kumar (Co-Borrower), F No. G 2 Yasoda Apartment Plot No 62 63 Everast Vihar Kings Road Nirma Nagar Jaipur Rajasthan- 302029./ LHJAI00001564209.	Leashold Rajshree Neel Residency Plot In Khasra No. 1278/332 Village Khatwara Teh Sanganer Na Jaipur Rajasthan- 303902. Bounded By- North: Road 40 Ft Wide, South: Other Agri Land, East: Road 30 Ft Wide, West: Other Agri Land.	17-07-2025 Rs. 40,714.52/-	09/07/ 2025
21.	Subhash Chander (Borrower), Rajani Bala (Co-Borrower), Ward No. 02, Bhagwan Hanumangarh Daldas Bhagwan Hanumangarh Daldas Nohar Rajasthan- 335523./ LHGAN00001560815.	Freehold Owner Rajni Bala Wo Subhash Chandar Patta No 1166, Plot No. 25, Ridhi Sidhi Enclave Colony 11 Am Na Rawatsar Rajasthan- 335524. Bounded By- North: Plot No. 26, South: Plot. 24, East: Road, West: Road.	17-07-2025 Rs. 7,21,116.28/-	09/07/ 2025
22.	Subhash Chander (Borrower), Rajani Bala (Co-Borrower), Ward No. 02, Bhagwan Hanumangarh Daldas Bhagwan Hanumangarh Daldas Nohar Rajasthan- 335523./ LHGAN00001560816.	Freehold Owner Rajni Bala Wo Subhash Chandar Patta No. 1166, Plot No. 25, Ridhi Sidhi Enclave Colony 11 Am Na Rawatsar Rajasthan- 335524. Bounded By- North: Plot No. 26, South: Plot. 24, East: Road, West: Road.	17-07-2025 Rs. 76,414/-	09/07/ 2025
23.	Subhash Chander (Borrower), Rajani Bala (Co-Borrower), Ward No. 02, Bhagwan Hanumangarh Daldas Bhagwan Hanumangarh Daldas Nohar Rajasthan- 335523./ LHGAN00001521842.	Freehold Owner Rajni Bala Wo Subhash Chandar Patta No. 1166, Plot No. 25, Ridhi Sidhi Enclave Colony 11 Am Na

संक्षिप्त समाचार

नांदेशमा में दिखा 15 फीट लंबा अजगर, निगली पूरी लोमड़ी, ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू

गोगुंदा (पुकार) क्षेत्र के नांदेशमा गांव में बुधवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वेर की भागल इलाके में एक खेत में 15 फीट लंबा विशालकाय अजगर दिखाई दिया। खेत में काम कर रही महिलाओं की नजर जब इस अजगर पर पड़ी, तो वे डर के मारे चिल्ला उठीं। देखते ही देखते गांव में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। खेत मालिक देवीसिंह राजपूत ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचते उससे पहले ही नांदेशमा के समाजसेवी कृष्ण गोपाल पालीवाल और अन्य ग्रामीणों ने बड़ी सावधानी और साहस का परिचय देते हुए बड़ी मशक्कत कर अजगर का सफल रेस्क्यू किया और ग्रामीणों ने राहत दी सांस ली। इस बीच पता चला कि अजगर ने एक लोमड़ी को पूरा निगल रखा था, जिससे उसका पेट फूला हुआ था और वह ज्यादा चल-फिर नहीं पा रहा था। इसके बाद ग्रामीणों ने अजगर को वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया और उन्होंने अजगर को सुरक्षित पास के जंगल में छोड़ दिया।

श्रावण में शिव तत्व की व्यापकता और दैनिक जीवन में उसकी व्याप्ति पर व्याख्यान

उदयपुर (पुकार) अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति की विशेष व्याख्यानमाला के अंतर्गत आज आलोक संस्थान सेक्टर 11 में आयोजित एक वैदिक व्याख्यान में प्रसिद्ध विचारक एवं शिक्षाविद् डॉ. प्रदीप कुमावत ने शास्त्रों में वर्णित ब्रह्मांड की उत्पत्ति को लेकर गहराई से प्रकाश डाला।

डॉ. कुमावत ने कहा कि परम ब्रह्म की इच्छा से सृष्टि का आरंभ हुआ, और सबसे पहली अनुभूति कम्पन थी जिससे ध्वनि का प्रकट होना संभव हुआ। यह ध्वनि ही ओंकार के रूप में प्रकट हुई, जो न केवल सृष्टि का प्रारंभिक स्वर है, बल्कि सम्पूर्ण ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सृष्टि के प्रारंभ में सत्त्, रज और तम इन तीन गुणों की रचना हुई। इन्हीं गुणों के आधार पर सृजन, संरक्षण और संहार की प्रक्रियाएँ स्थापित हुईं। इसके पश्चात पंचतत्वों आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी का निर्माण हुआ, जिससे प्रकृति की संरचना हुई। डॉ. कुमावत ने कहा कि जल से नार की उत्पत्ति हुई और वहीं से नारायण का प्राकट्य हुआ। इसके बाद विष्णु की नाभि से उत्पन्न कमल में ब्रह्मा प्रकट हुए, जिन्होंने सृष्टि की रचना का बीड़ा उठाया। कार्यक्रम में वैदिक श्रोताओं, अध्यापकों और शोधार्थियों ने इस दार्शनिक और वैज्ञानिक संगम को बड़े मनोयोग से सुना। अंत में समिति की ओर से डॉ. कुमावत का अभिनंदन करते हुए उनके शोधपरक वक्तव्य को भारतीय ज्ञान परंपरा का गौरवशाली उदाहरण बताया गया।

इस अवसर पर शशांक टांक, निश्चय कुमावत, प्रतीक कुमावत, वीरेंद्र पालीवाल, नारायण चौबीसा सहित गण मान्य उपस्थित थे।

कल्लाजी राठौड़ का 482 वां जन्मोत्सव कल

भीण्डर (पुकार) भींडर के काली कल्याण धाम पर श्री 1008 श्री कलाजी राठौड़ जी महाराज का 482वां जन्मोत्सव 1 अगस्त 2025 को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। गादीपति राजेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12:15 बजे ठाकुर जी के दिव्य दर्शन, 56 भोग और गादी दर्शन से होगी। इस पावन अवसर पर डेरावड से संत श्री श्री 108 महंत योगी प्रेम नाथ जी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। साथ ही करणी सेना के योगेन्द्र सिंह कटार, लाल सिंह झाला, अर्जुन सिंह चुण्डावत सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विशाल सत्संग का आयोजन भी होगा, जिसमें भारत सिंह शक्तावत एवं हैप्पी डांगी भजनों की प्रस्तुति देंगे।

राखी खरीदारी का महासंगम :पैराहन प्रदर्शनी कल से अशोका ग्रीन में

उदयपुर (पुकार)। महिला उद्यमियों के समूह शी सर्किल इंडिया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राखी के त्यौहार पर शहरवासियों के लिए खास तोहफे के रूप में लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित शॉपिंग फेस्टिवल पैराहन ले कर आया है। यह प्रदर्शनी अपने पांचवें संस्करण के साथ 1 से 3 अगस्त तक अशोका ग्रीन में आयोजित होने जा रही है। संस्थापक तारिका भानुप्रताप ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पैराहन में न केवल उदयपुर, बल्कि सूरत, अहमदाबाद, कोटा, भीलवाड़ा, नाथद्वारा और जयपुर जैसे शहरों से चुनिंदा विक्रेता अपने लेटेस्ट राखी और फेस्टिव कलेक्शन के साथ भाग ले रहे हैं। प्रदर्शनी में कुल 51 स्टॉल्स होंगे, जिनमें शहर की घरेलू महिला उद्यमियों को भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। उनके द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट्स किफायती दरों पर उपलब्ध रहेंगे। प्रदर्शनी का उद्घाटन 1 अगस्त को दोपहर 1 बजे उदयपुर डिविजनल कमिश्नर श्रीमती प्रज्ञा केवलरमानी द्वारा बतौर मुख्य अतिथि किया जाएगा। जिसमें उदयपुर के कई गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। साथ ही हर दिन की हर शॉपिंग पर आकर्षक उपहार भी वितरित किए जाएंगे।

ऐश्वर्या कॉलेज में पौधारोपण

उदयपुर (पुकार)। ऐश्वर्या कॉलेज में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने प्रकृति सरंक्षण से जुड़े पोस्टर बनाये और पौधारोपण किया।यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। इस अवसर पर कॉलेज से गायत्री वर्मा ने कहा कि यह दिन हमें प्रकृति के अमूल्य उपहारों को याद दिलाने और उनके संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने का अवसर प्रदान करता है। पर्यावरण जागरूकता को लेकर छात्रों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ की प्रकृति संरक्षण हेतु सभी सजग रहेंगे।यह कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का एक प्रेरक संदेश रहा। इस अवसर पर हर्षित ,विभव, माया ,शारदा ,कल्पना, कंकू ,कुसुम, पुरखाराम ,गोविंदराम वह अन्य विद्यार्थी और शिक्षक गण उपस्थित रहे।

परमात्मा की वाणी एक कान से सुन कर दूसरे से निकाल दी तो वह काम नहीं करेगी: कतार्थप्रभाश्री

उदयपुर (पुकार)। सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी कृतार्थ प्रभा श्रीजी ने कहा कि परमात्मा की वाणी सिर्फ कानों से सुनना ही नही है उसे अपने जीवन में, हृदय में उतारना भी है। जिसने उतार लिया वो श्रावक है। अगर सुनी और दूसरे कान से निकल गई वो काम नही करेगी। प्रतिदिन एक सामायिक करने को परमात्मा ने कहा उसका मतलब उसकी समता अपने दिल में रहे। श्रोता हो या श्रावक ये आपको तय करना है। श्रावक वो जिसने सुना और सामायिक का संकल्प किया। उन्होंने कहा कि श्रोता के लिए कान की जरूरत और और श्रावक के लिए हृदय की जरूरत है। कान खराब होने की दवाई डाली तो कान ठीक हुआ लेकिन जब वो अंदर गई, शरीर के खून में शामिल हुई तब ठीक हुआ न। उसी तरह परमात्मा की देशना को सिर्फ सुनना नहीं अंदर तक उतारना है। परमात्मा की वाणी से शास्त्र बने फिर बुक्स बनीं और उसमें से भी हैं थोड़ा सुनाते हैं।

साध्वी श्रीजी ने कहा कि दिल बड़ा रखो। दिमाग खुला रखो। वाणी प्रिय रखो। भूलना सीखो और नज़रिया अपना अपना सबका होता है। जो छोटी बातें जीवन में बड़ा रूप धारण कर लेती है तब महाभारत होती है। अंधे का बेटा अंधा ही हो सकता है। यह बात कहने का तरीका और इसी से महाभारत हो गई। ऐसी छोटी छोटी बातों को भूलना सीखो। सबका नज़रिया अपना अपना होता है। कोई आपको अच्छा कहे तो कोई खराब भी कहेगा। उसके नज़रिए से आपकी इमेज बन गई। पिताजी ने घर में दो बेटों को कुछ कहा। एक नए सोचा कि बड़े हैं, मेरे अच्छे के लिए कह रहे हैं।

आमजन की जागरूकता के साथ चाइल्ड ट्रैफिकिंग की रोकथाम संभवः डॉ. पंड्या

रेलवे पुलिस, प्रशासन एवं गायत्री संस्थान का बाल तस्करी रोकने के लिए नवाचार उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर (पुकार)। जिस प्रकार यात्रा के दौरान यात्री अपने साथ लाए समान का ध्यान रखते है उसी प्रकार थोड़ी सतर्कता अपने आस-पास यात्रा कर रहे अन्य लोग, लावारिस बच्चों या संदिग्ध लोगो की सूचना रेलवे पुलिस, चाइल्ड हेल्प लाइन को कर चाइल्ड ट्रैफ़िकिंग को रोक सकते है स ट्रैफ़िकर के इस पूरे रैकेट को ख़त्म कर सुरक्षित समाज के निर्माण हेतु आमजन को भी जागरूक बनकर सहयोग करना होगा स बाल तस्करी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए जागरूकता और समय पर सूचना बेहद जरूरी है। किसी भी यात्री को यदि कोई बच्चा संदिग्ध स्थिति में दिखे, तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या रेलवे हेल्पलाइन 139 पर जानकारी दें। उक्त विचार विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस (30 जुलाई) के उपलक्ष्य में विशेष अभियान के तहत आज उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस, गायत्री सेवा संस्थान और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए बाल अधिकार विशेषज्ञ एवं गायत्री सेवा संस्थान, उदयपुर के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र पंड्या ने व्यक्त किए ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए राजस्थान बाल आयोग, राजस्थान सरकार के सदस्य ध्रुव कुमार कविया ने बताया की बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकार और समाज मिलकर प्रयास कर रहे हैं। हर नागरिक की सतर्कता इस दिशा में बड़ा योगदान दे सकती है। उन्होंने बाल अधिकारिता विभाग की ओर से बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा और काउंसलिंग के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम में स्टेशन अधीक्षक हंसराज मीणा, रेलवे सुरक्षा बल उदयपुर प्रभारी रविन्द्र चारण, विकास सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये।

गायत्री सेवा संस्थान ने पिछले वर्ष के दौरान 150 से अधिक बच्चों को बाल श्रम, ट्रैफिकिंग और बाल विवाह से बचाया है। संगठन ने यह रेखांकित किया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग केवल बाल मजदूरी या मुनाफे के लिए नहीं यौन शोषण के लिए भी होती है । बहुत से बच्चे, खास तौर से लड़कियां, जबरन विवाह के लिए भी ट्रैफिकिंग का शिकार बनती हैं। यह एक एक ऐसी समस्या है जिसके बारे में कम ही चर्चा की जाती है और रोकथाम के उपायों पर भी ज्यादा बात नहीं होती।

बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि मौजूदा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील तबकों को ट्रैफिकिंग गिरोहों और उनके कामकाज के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना तत्काल जरूरी है, ताकि मुक्त कराए गए बच्चों के लिए तय समयसीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान जागरूकता हेतु पोस्टर जारी किए गए तथा यात्रियों को कला जथा टीम द्वारा जागरूक किया गया।

आरपीएफ अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने यात्रियों से अनुरोध किया कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना रेलवे या चाइल्ड हेल्पलाइन को दें। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सतर्कता कई बार बच्चों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाती है।

कार्यक्रम के दौरान गायत्री सेवा संस्थान के प्रतिनिधि पायल कनेरिया, विवेक पालीवाल, मुकेश कुलमी ,राधा, सूरजमल भी मौजूद रहे।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और बाल तस्करी की रोकथाम के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का भाव जगाना था। धन्यवाद गायत्री संस्थान के जिला परियोजना अधिकारि नितिन पालीवाल ने किया।

पंद्रह दिवसीय सिलाई एवं कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन

नवाचार के साथ परिवर्तन की राह पर नहीं चले तो हमारा हाल भी अवधिपार कम्पनियों जैसा होना तयः डॉ. कर्नाटक

उदयपुर (पुकार) महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि देश बदल रहा है, ऐसे में नीतियों और हमारी सोच को भी बदलने का वक्त है। नवाचार की जरूरत महसूस की जा रही है, पुराने ढर्रे पर चलने का वक्त जा चुका है। यदि हमने इस सत्य को आत्मसात नहीं किया तो हमारी हालत भी अवधिपार नामचीन फोन और कैमरा कम्पनियों की मानिंद हो जाएगी जो नवाचार से दूरी बनाने के कारण चलन से ही बाहर हो गए।

डॉ. कर्नाटक बुधवार को यहां प्रसार शिक्षा निदेशालय सभागार में आयोजित 15 दिवसीय सिलाई एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। निदेशालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो की ओर से अनुसूचित जाति उपयोजना अन्तर्गत जीविकोपार्जन के ध्येय से आयोजित इस प्रशिक्षण में उदयपुर एवं सलूम्बर जिलों के दूरदराज गांवों की 30 महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण-पत्र व अत्याधुनिक विद्युत चलित सिलाई मशीन सहित अन्य साज-सामान का किट निःशुल्क प्रदान किया गया ताकि वे अपने गांव जाकर स्वरोजगार की दिशा में कदम रख सके।

डॉ. कर्नाटक ने कहा कि अब तक हम लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति का अनुसरण करते आ रहे थे जो हमारे देश की पद्धति नहीं थी। वर्ष 1835 में बनी मैकाले शिक्षा पद्धति निःसंदेह समय के उस दौर में सार्थक रही है, लेकिन भारतीय सनातनी परम्परा के परिप्रेक्ष्य में नई शिक्षा नीति की जरूरत महसूस की गई। इस क्रम में अगस्त 2020 में नई शिक्षा नीति का अवतरण हुआ। इस नई शिक्षा नीति में शिक्षा, शोध, प्रसार के साथ-साथ कौशल विकास को भी समाहित किया है। इस नई शिक्षा नीति से 2035 तक यानी 15 वर्ष में देश भर में परिवर्तन दृष्टिगोचर होगा। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं का आह्वान किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान थे व्यर्थ न गवाएं, अधिकाधिक महिलाओं को लाभ दें।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. एन.जी. पाटील निदेशक आईसीएआर-एनबीएसएस, नागपुर महाराष्ट्र ने एमपीयूएटी में महज 11 फीसदी स्टॉफ के बावजूद 57 पेटेन्ट हासिल करने को अपूर्व उपलब्धि बताया। उन्होने महिलाओं से कहा कि सिलाई कौशल का पहला प्रयोग अपने बच्चों व परिवार के लिए करें। महिला सशक्त होगी तो परिवार और देश भी सशक्त होगा। प्रशिक्षण का मकसद भी यही है कि महिलाएं आर्थिक उन्नति कर आत्मनिर्भर बन सकें।

कार्यक्रम में आईसीएआर-एनबीएसएस, उदयपुर इकाई प्रभारी डॉ. बी.एल. मीणा, सीनियर साइंटिस्ट एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. आर.एस. मीणा ने कहा कि छोटी-छोटी जोत वाले कृषक परिवारों से जुड़ी महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण ही नहीं बल्कि मशीन में आने वाली छोटी-छोटी खराबियों व उन्हें दुरूस्त करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। आरम्भ में स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एल. सोनी ने कहा कि सिलाई आज की नहीं, पुरातन विधा है। जबसे मनुष्य ने वस्त्र पहनना शुरू किया। समय के साथ-साथ पहनावे में बदलाव आते रहे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निदेशालय 35 तरह के प्रशिक्षण आयोजित करता है। महिलाएं अपनी कल्पना को उड़ान देने में पीछे नहीं रहे।

बनाए झबला, बैग, कशीदाकारी भी सीखी

पंद्रह दिवसीय इस प्रशिक्षण में महिलाओं ने रूमाल, कुर्ती, पेटीकोट, घाघरा, छोटे बच्चों का झबला आदि की कटिंग व सिलाई सीखी। मास्टर ट्रेनर डॉ. छवि, डॉ. लतिका व्यास ने बैग सिलाई व सुंदर कशीदाकारी भी सिखाई। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थी राधा मेघवाल, शारदा खटीक, कोमल मेघवाल आदि ने अनुभव भी सझा किए। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. मनोज कुमार महला, रश्मि दूबे, डॉ. आदर्श शर्मा व एनबीएसएस थे अधिकारियों ने भी विचार रखे। संचालन डॉ. लतिका व्यास ने किया।

डिप्लोमा ,पीजी इन फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिज़ाइनिंग में प्रवेश की तिथि बढ़ी

उदयपुर (पुकार)। अगर पढ़ाई के साथ हाथ का हुनर हो तो युवा न केवल खुद को तो रोजगार दे ही सकते हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के रास्ते खोल सकते हैं। यही उद्देश्य लेकर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिज़ाइनिंग (डीएफटीडी) छात्रों को परंपरागत हस्तकलाओं से जोड़ते हुए आधुनिक फैशन और टेक्सटाइल डिज़ाइन की शिक्षा व प्रशिक्षण दे रहा है। फैशन टेक्नोलॉजी और डिजाइनिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट(www.mlsu.ac.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन ई-मित्र केंद्रों से भी किए जा सकते हैं। आवेदन के बाद उसकी हार्ड कॉपी और संबंधित दस्तावेज विभाग में जमा कराना अनिवार्य होगा। डिपार्टमेंट प्रभारी डॉ. डॉली मोगरा ने बताया कि एम. वॉक इन फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग दो वर्षीय (चार सेमेस्टर) पीजी कोर्स है, जिसके लिए किसी भी संकाय से स्नातक होना अनिवार्य है। वहीं डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग, डिप्लोमा इन टेक्सटाइल डिजाइनिंग और डिप्लोमा इन फैशन टेक्नोलॉजी जैसे एक वर्षीय कोर्सों में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय से 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि एक सप्ताह तक बढ़ा दी गई है।

शीतला माता मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा करने की मांग

वल्लभनगर (पुकार)। वल्लभनगर कस्बे स्थित श्री शीतला माता मंदिर में एक माह पूर्व हुई बड़ी चोरी की घटना का अब तक खुलासा नहीं होने से नाराज़ विप्र फाउंडेशन वल्लभनगर ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। विप्र फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार वल्लभनगर नरेंद्र चौहान को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वल्लभनगर कस्बे में स्थित मेवाड़ की प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री शीतला माता मंदिर में 1 जुलाई को अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर मंदिर ट्रस्ट की तिजोरी से लगभग 30 किलो चांदी एवं 12 तोला से अधिक सोने के आभूषण चुरा लिए थे। घटना के तुरंत बाद मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष महेश जोशी द्वारा वल्लभनगर थाना में मामला दर्ज कराया गया, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि वल्लभनगर थाना पुलिस द्वारा की गई जांच के सभी प्रयास विफल रहे हैं और तकनीकी संसाधनों एवं खुफिया तंत्र के होते हुए भी पुलिस कोई ठोस सुराग नहीं जुटा सकी है। प्रारंभ में इस मामले में कुछ राजनीतिक दलों की सक्रियता देखी गई, लेकिन अब पुलिस ने भी मामले की गहन जांच छोड़कर केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित कर दिया है।

फाउंडेशन का कहना है कि यह मंदिर केवल वल्लभनगर ही नहीं, बल्कि उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा सहित कई जिलों के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। चोरी की इस घटना से श्रद्धालुओं में भारी रोष है। यदि शीघ्र ही चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए आभूषणों की बरामदगी नहीं होती है, तो समाजजन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई कि मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर चोरी का जल्द से जल्द खुलासा करवाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था बहाल हो और आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बना रहे।

ज्ञापन देने में विप्र फाउंडेशन जिला महासचिव प्रेमशंकर रामावत, तहसील अध्यक्ष भगवतीलाल मेनारिया, जिला संरक्षक हुक्मीचंद सांगावत, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गोपीलाल हिमावत, तहसील महामंत्री मांगीलाल सिंगावत, डालचंद नागदा, जिला उपाध्यक्ष मोहनलाल मेनारिया, बार अध्यक्ष अधिवक्ता रमेशचंद्र सांगावत, तहसील संरक्षक महेश जोशी, उपाध्यक्ष बद्रीलाल मेघावत, युवा प्रकोष्ठ वल्लभनगर अध्यक्ष मयूर जोशी, यूथ महासचिव भूपेंद्र पुजारी, सचिव दीपक आमेटा, सूरज जोशी, खुबिलाल मेनारिया, नगर महिला अध्यक्ष केसर पुजारी, टमु बाई, नगर अध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय, उपाध्याय दुर्गाशंकर दवे, राकेश पुजारी, नगर संरक्षक राधेश्याम जोशी, गोपाल पुजारी, तहसील मिडिया प्रभारी सुरेशचंद्र मेनारिया, कैलाश पुजारी, अधिवक्ता अनूप पुजारी, मोहनलाल जावत सहित अन्य मौजूद थे।

जीतो उदयपुर चैप्टर का वार्षिक अधिवेशन एवं जीतो उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

उदयपुर (पुकार)। इंटरनेशनल सामाजिक संस्था जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाईजेशन (जीतो) उदयपुर चैप्टर की ओर से एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन एवं जीतो उत्सव द जीतो बोन्ड कार्यक्रम उदयसागर स्थित निजी रिसोर्ट में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष यशवंत आंचलिया व मुख्य सचिव अभिषेक संचेती ने बताया कि जीतो उत्सव - द जीतो बोन्ड कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वंडर सीमेंट डायरेक्टर परमानन्द पाटीदार, समाजसेवी निर्मल कुमार जैन थे। जीतो एपेक्स सचिव महावीर चपलोत ने बताया कि जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाईजेशन (जीतो) न केवल समाज के व्यापारिक विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है बल्कि सेवा, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। मुख्य सचिव अभिषेक संचेती ने बताया कि जीतों के विभन्न प्रकल्पों के माध्यम से उदयपुर और मेवाड़ क्षेत्र में बिराजित साधु-साध्वियों के चिकित्सा सुविधा के लिए श्रमण आरोग्यम कार्ड, जीती एज्यूकेशन असिस्टेन्स कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण, व्यापारियों के बिजनेस ग्रोथ अवसर हेतु हर माह बिजनेस नेटवर्किंग मीट का आयोजन, महिला आत्मनिर्भरता केरियर गाइडेन्स इत्यादि कार्य किये जा रहे हैं।इस अवसर पर जीतो उदयपुर सलाहकार नरेन्द्र सिंघवी, वाइस चेयरमैन श्याम नागौरी, नितुल चण्डालिया, सचिव भूपेंद्र चोरडिया, अरुण माण्डोत, सुधीर चित्तौड़ा, कार्यकारिणी सदस्य आलोक पगारिया, दिनेश सिंघवी, योगेश पिछोलिया, राजेश खमेसरा, मनीष कटारिया, तुषार मेहता, अनिल हाथी, यशवंत कोठारी, लेडीज विंग अध्यक्षा अंजलि सुराणा, सचिव ऋतु मारु, यूथ विंग अध्यक्ष दिव्यद दोशी, सचिव विनय कोठारी आदि उपस्थित रहे।

करंट लगने से युवक की मौत, सरपंच ने मुआवजे की मांग की

गोगुंदा (पुकार) जिले की गोगुंदा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत वीरपुरा के टेपरो की बोर गांव में करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान खुमा पुत्र सवा [उम्र 50 वर्ष] के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, वह अपने घर के बाहर लगे विद्युत मीटर के पास कार्य कर रहा था, तभी खुले लटक रहे बिजली के तारों की चपेट में आ गया। तेज करन्त लगने से वह वहीं बेसुध होकर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन व आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। घटना की जानकारी सरपंच कालू लाल गमेती को दी गई, जिन्होंने तुरंत ओगणा पुलिस थाना और बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। सूचना मिलने पर ओगणा थाने से हेड कांस्टेबल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर गोगुंदा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

पुलिस ने मर्ग दर्ज कर रिपोर्ट के आधार पर शव पोस्टमार्टम करवाया, जिसके पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वही सरपंच कालू लाल गमेती ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। और पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
P.W.D. DISTT. DN.II, UDAIPUR
No.: 655 Date: 23.07.2025
Notice Inviting Bid No. 14/2025-26
NIB No.: PWD2526A2173
Bids for Repair & Maintenance work under Annual Rate Contract are invited from interested bidders upto 28.07.2025 11.00 AM to 12.08.2025 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of 4 Works is Rs. 124.00 Lacs.
UBN No. :
1 PWD2526WSOB07851
2 PWD2526WSOB07852
3 PWD2526WSOB07853
4 PWD2526WSOB07854
(Anil Khichi)
Executive Engineer,
PWD Distt.Dn.II, Udaipur
DIPR/C/10616/2025

कार्यालय अधीक्षण एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, सलुम्बर
क्रमांक : एफ ( )/ निविदा / PMKSY 2.0 / 2025-26 / 417 दिनांक : 23-07-2025
ई निविदा सूचना 14/2025-26
पीएमकेएसवाये 2.0 (एनआरएम) परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत सलुम्बर (कुल 1 पैकेज) में जलग्रहण विकास कार्यो बावडी रिपेरिंग के लिए बीड, अनुमानित मूल्य 2.91 लाख रुपये दिनांक 31.07.2025 को सांय 5.00 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं से आमंत्रित की जाती हैं। बोलियों से संबन्धित विस्तृत विवरण राज्य सरकार के पोर्टल (https://sppp.rajasthan.gov.in/) पर देखे जा सकते हैं।
यूबीएन संख्या : WSC2526WSOB00882
अतिरिक्त अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक
DIPR/C/10631/2025 वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, सलुम्बर

एरोफ्लेक्स न्यु (NEU) लिमिटेड
(पूर्व में साह पोलिमर्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
CIN: L24201RJ1992PLC006657
पंजीकृत कार्यालय: E-२६०-२६१, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, माद्री, उदयपुर, राजस्थान-३१३००३.
ई-मेल: cs@sahpolymers.com, वेबसाइट: www.sahpolymers.com दूरभाष: ०२९४ २४९३८८९
वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") और दूरस्थ ई-वोटिंग की सूचना (नोटीस)
एतद्वारा सूचित किया जाता है कि एरोफ्लेक्स न्यु (NEU) लिमिटेड (पूर्व में साह पोलिमर्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ("कंपनी") के सदस्यों की ३३वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") बुधवार, २० अगस्त, २०२५ को सुबह ११:०० बजे, एजीएम की सूचना (नोटीस) में निर्धारित अनुसार कारोबार करने के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय E-२६०-२६१, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, माद्री, उदयपुर, राजस्थान-३१३००३ पर आयोजित की जाएगी।
कंपनी ने कोर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए सर्कुलर") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी सर्कुलर") द्वारा जारी परिपत्रों के अनुपालन में, २९, जुलाई, २०२५ को इलेक्ट्रोनिक मोड के माध्यमसे उन सदस्यों को प्रोक्सी फोर्म, उपस्थिति पर्ची, एजीएम स्थल का रूट मैप ("एजीएम की नोटीस") और कंपनी के वार्षिक रिपोर्ट्ट के साथ एजीएम की सूचना (नोटीस) भेजी है, जिनके ईमेल पते कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांस्फर एजेंट / डिपोजिटरी प्रतिभैगयों के पास पंजीकृत हैं और कंपनी ने उन सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट २०२४-२५ का वेब-लिंक प्रदान करते हुए एक पत्र भी भेजा है, जिभेंने कंपनी / डिपोजिटरीके पास अपने ईमेल पते पंजीकृत नही किए हैं । एजीएम की सूचना (नोटीस) कंपनी की वेबसाइट: www.sahpolymers.com पर भी उपलब्ध है।
कंपनी अधिनियम, २०१३ की धारा १०८ और कंपनी (पबंधन एवं प्रशासन) नियम, २०१४ के नियम २० तथा सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियम ४४ के अनुसार, सदस्यों को सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसीज इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में प्